कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–मा/सी–7/हिन्दी/स्थानांतरण/2019 दिनांक–29.09.2019 के तहत् श्री दिलीप कुमार महावर, व्याख्याता (हिन्दी) राउमावि, कुण्डल, दौसा का स्थानान्तरण राउमावि, मुनियाखुन्ठा–सज्जनगढ, बांसवाडा किया गया। श्री दिलीप कुमार महावर ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या–3094/2019 श्री दिलीप कुमार महावर बनाम सरकार एवं अन्य दायर की गई।

अपील संख्या–3094/2019 में माननीय अपील अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांक–25.10.19 द्वारा अपीलार्थी श्री दिलीप कुमार महावर को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपनी वेदना व्यक्त करते हुए एक अभ्यावेदन पेश किये जाने की स्थिति में इसे विधि अनुसार एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) द्वारा निस्तारित किये जाने संबंधी आदेश दिए।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी श्री दिलीप कुमार महावर द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वय के हदय शल्य चिकित्सा के द्वारा बाईपास एवं एक वाल्व का रिफलेसमेन्ट होने के कारण अपना पदस्थापन 1–राउमावि, तीतरवाडा खुर्द, दौसा, 2–राबाउमावि, सैंथल, दौसा, 3–राउमावि, ढिगारिया, लवाण, दौसा मे करने हेतु परिवेदना प्रस्तुत की गई है।

अपीलार्थी से प्राप्त संबंधित अभिलेखों का परीक्षण कर उनकी मांग पर विचार किया गया। अपीलार्थी की शारीरिक परेशानियों को देखते हुए इनका समायोजन राउमावि, तीतरवाडा खुर्द, दौसा में व्याख्याता (हिन्दी) के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है। सभी संबंधित पक्षकार सूचित हो।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–7/हिन्दी/स्था.को.के./दिलीपकुमार महावर/3094/2019 दिनांक– 18.11.19

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा, जयपुर
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर।
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबधित प्रधानाचार्य–
9. संबधित कार्मिक–
10. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर